**कार्यवाही:** कंटेनर के गुप्त चैंबर में छिपाकर राजस्थान ले जाया जा रहा था गांजा

# पांच करोड़ का नौ सौ किलोग्राम गांजा जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कबीरधाम पुलिस ने मंगलवार को बड़ी सफलता हांसिल करते हुए जिले के सीमावर्ती थाना मुख्यालय चिल्फीघाटी से करीब 9 क्विंटल गांजा बरामद किया है जिसका बाजार मूल्य करीब 5 करोड़ रूपए आंका गया है। पुलिस ने इस मामले में जहां एक आरोपी को गिरफ्तार किया है वहीं गांजा तस्करी में प्रयुक्त करीब 50 लाख कीमत का नागालैंड पासिंग एक कंटेनर भी जप्त किया है। इस संबंध में पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार उसे मंगलवार की सुबह मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि उड़ीसा से गांजा की बड़ी खेप एक नागालैंट पासिंग कंटेनर में भरकर कवर्धा कवर्धा होते हुए चिल्फी के रास्ते ले जाई जा रही है। इस सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए जिले की सीमावर्ती चिल्फीघाटी पुलिस ने नेशनल हाईवे 30 में बैरिकेटिंग पर संबंधित वाहन को रोक लिया और वाहन की तलाशी शुरू की। तलाशी के दौरान पुलिस के उस समय होश उड़ गए जब उसने कंटेनर में गुप्त चैम्बर बनाकर उसमें बड़ी मात्रा में छिपाकर रखे गए गांजा को देखा। पुलिस ने कंटेनर के गुप्त चैम्बर से 30-30 किलो की 30 बोरियों में भरा हुआ गांजा बरामद किया गया। कुल जब्त मादक पदार्थ का वजन करीब 9 क्विंटल (900 किलोग्राम) बताया जा रहा है। जिसका बाजार मूल्य करीब 5 करोड़ रूपए आंका गया है।



### उड़ीसा से लाई गई थी गांजा की खेप

पुलिस ने गांजा तस्करी के इस बड़े मामले में मौके से आरोपी आयाज खान निवासी भरतपुर, राजस्थान को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी यह खेप ओडिशा से राजस्थान ले जा रहा था। पुलिस आरोपी से विस्तृत पूछताछ कर तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाने में लगी है। इस बड़ी कार्रवाई को जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। एसपी धर्मेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया है कि मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# बजट में जिले को मिली कई बड़ी सौगातें



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रस्तुत बजट में कबीरधाम जिले के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण सौगाते मिली है। बजट में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार, शिक्षा संसाधनों के विकास, पेयजल आपूर्ति, सड़क निर्माण और आधुनिक परिवहन सुविधाओं के लिए व्यापक प्रावधान किए गए हैं, जिससे जिले के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। बजट प्रावधानों के तहत कुंडा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन किया जाएगा तथा मेडिकल कॉलेज कबीरधाम के संचालन के लिए आवश्यक सेटअप उपलब्ध कराया जाएगा। इससे जिले के दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को भी समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ मिल सकेंगी और गंभीर मरीजों को बाहर रेफर करने की आवश्यकता कम होगी। सड़क अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए कवर्धा-खमरिया मार्ग के उन्नयन एवं चौड़ीकरण के लिए 23 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत लोरमी-पंडरिया रोड से सिंघनपुरी तथा रवेली रोड से जरती तक सड़क निर्माण कार्य भी शामिल किया गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क और अधिक सुदृढ़ होगा। शिक्षा के क्षेत्र में पंडरिया में नालंदा लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही नालंदा लाइब्रेरी में करियर काउंसलिंग केंद्र भी स्थापित होगा। इससे विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, मार्गदर्शन और अध्ययन संसाधन एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगे। पेयजल आपूर्ति के लिए भी बड़े स्तर पर प्रावधान किए गए हैं। सुतियापाठ जलाशय से ठाठापुर तक 54 गांवों में तथा भीरा छीरपानी जलाशय से 66 गांवों में पेयजल उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा। वरिष्ठ नागरिकों के लिए जिला मुख्यालय में "सियान गुड़ी" को डे-केयर सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा, जहाँ उन्हें स्वास्थ्य सुविधा, देखभाल और सामाजिक सहभागिता का अवसर मिलेगा। ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया को तकनीक आधारित बनाने के लिए कवर्धा में ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक (ई-ट्रैक) स्थापित किया जाएगा। इससे ड्राइविंग टेस्ट अधिक पारदर्शी, तेज और मानकीकृत तरीके से हो सकेगा। कबीरधाम जिले के नागरिकों ने इन योजनाओं का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी के इस पहल से जिले के समग्र विकास को नई गति मिलेगी और लोगों की जीवनशैली में बदलाव आएगा। उनका कहना है कि यह बजट जनता के हित में उठाया गया मजबूत कदम है, जिससे आने वाले समय में जिले की आर्थिक और सामाजिक स्थिति बेहतर होगी। बजट में किए गए काम हर वर्ग के लोगों को फायदा पहुंचाने वाले हैं और इससे आम नागरिकों का जीवन स्तर सुधरेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बजट में पूरे प्रदेश के साथ-साथ कबीरधाम जिले के लिए भी शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क सहित कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की है। इससे जिले के विकास को बढ़ावा मिलेगा और लोगों को बेहतर सुविधाएँ मिलेंगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने आम लोगों की जरूरतों और जिले के विकास को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री से कई कार्यों की मंजूरी देने का अनुरोध किया था, जिन्हें अब इस बजट में शामिल कर लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### पूर्व सेवा गणना पर कोई निर्णय नहीं: डॉ. रमेश



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने प्रदेश सरकार के बजट प्रस्तुतिकरण के दौरान शासकीय कर्मचारियों के लिए कैशलेश चिकित्सा सुविधा की घोषणा का स्वागत किया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि इस सुविधा से कर्मचारियों को इलाज के दौरान नकदी की चिंता नहीं रहेगा। बजट में शिक्षकों के संविलियन से पहले की सेवा गणना, क्रमोन्नति के लिए अनुभव को दस साल से घटाकर पांच वर्ष करने, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति एवं केंद्र के समान देय तिथि से मंहगाई भत्ते का अंतर राशि पर कोई निर्णय नही लेने से निराशा हुआ है, लेकिन हम नाउम्मीद नहीं है। हमे भरोसा है कि प्रदेश सरकार इस पर शीघ्र ही निर्णय लेंगे।

### नीट यूजी 2026 का आयोजन 3 मई को

**कवर्धा।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2026 का आयोजन 3 मई को होगा। इस संबंध में संबंधित विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इसके लिए संबंधित अभ्यर्थी कर सकते हैं। विभाग के अनुसार ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई, जो 8 मार्च तक जारी रहेगी। इसके लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के वेबसाइट पर आवेदन किया जा सकता है। डिटेल दी गई है। मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2026 की परीक्षा को लेकर अन्य जानकारियां विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

# वनांचल के परीक्षा केन्द्रों में उड़नदस्ता दल की दबिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा कक्षा बारहवीं परीक्षा के द्वितीय प्रश्नपत्र रसायन शास्त्र व राजनीतिक शास्त्र के लिए बोड़ला विकासखण्ड के विभिन्न वनांचल क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा गठित जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल ने जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा के नेतृत्व में उड़नदस्ता दल के सदस्यों एमआईएस प्रशासक सतीश कुमार यदु, अश्वनी सोनी, व्याख्याता एवं पीटीआई दिनेश कुमार साहू द्वारा संयुक्त रूप से परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलमला जंगल, समनापुर जं, उसरवाही एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेंगाखार जंगल का निरीक्षण किया गया। परीक्षा सम्पन्न होने के बाद बोड़ला विकासखण्ड के प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिवनी खुर्द व स.लोहारा विकासखंड के पीएम श्री स्कूल खोलवा कक अकादमी अवलोकन कर विद्यार्थियों की कक्षावार लार्निंग आउटकम का आंकलन किया गया। दोनो विद्यालय का गुणवत्ता स्तर बेहतर है तथा विद्यालय विकास खण्ड में क्लीन स्कूल ग्रीन स्कूल की संकल्पना में उत्तम हैं। परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा सुचारू रुप से शांतिपूर्वक संचालित मिला। परीक्षा भवन में समुचित पेयजल, प्रकाश, प्रसाधन व पर्याप्त फर्नीचर की उपलब्धता रही। परीक्षा केन्द्रों में निरीक्षण के दौरान अनुचित साधन का अनुप्रयोग करने वाले परीक्षार्थी संख्या निरंक रही। केन्द्र में ग्लूकोज, ओआरएस व अन्य आवश्यक प्राथमिक उपचार सामग्रियां की उपलब्धता संबंधी सुझाव दिया गया। परीक्षा केन्द्रों में बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रपत्रों व पंजियों का समुचित संधारण किया जा रहा है।



### पीएम आशा योजना के लिए पंजीयन 28 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पीएम आशा योजनांतर्गत अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन, चना, सरसों उगाने वाले किसानों का पंजीयन 28 फरवरी 2026 तक होगा। भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य जिसके तहत खरीफ फसल अरहर 8 हजार रुपए, मूंग 8768 रुपए, उड़द 7800 रुपए, मूंगफली 7263 रुपए, सोयाबीन 5328 रुपए, रबी फसल के तहत चना 5875 रुपए, मसूर 7000 रुपए तथा सरसों 6500 रुपए फसल समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

## वनांचल के तरेगांव जंगल के सरस्वती शिशु मंदिर की बच्चियों ने किया कमाल

- रानू कबीरधाम जिले में प्रथम, रागनी भी चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा





जिले के एकमात्र कन्या शिक्षा परिसर महाराजपुर में प्रवेश हेतु 07 फरवरी 2026 को आयोजित प्रवेश परीक्षा में कबीरधाम जिले के विकासखंड बोड़ला के सुदूर वनांचल ग्राम तरेगांव जंगल स्थित निजी विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर तरेगांव के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परीक्षा में विद्यालय की छात्रा रानू पिता संतराम परते ने पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय, क्षेत्र एवं परिवार का नाम रोशन किया। वहीं रागनी पिता गोलू राम ने 17 वां स्थान हासिल कर प्रवेश के लिए चयनित होकर सफलता अर्जित की। दोनों छात्राएं वर्तमान में सरस्वती शिशु मंदिर तरेगांव जंगल में अध्ययनरत हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहन कुमार यादव ने बताया कि तरेगांव जंगल भले ही वनांचल क्षेत्र में स्थित है, लेकिन वर्ष 2017 से अब तक यहां से 35 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे नवोदय विद्यालय, जवाहर उत्कर्ष विद्यालय, एकलव्य विद्यालय तथा भोरमदेव कन्या शिक्षा परिसर में हो चुका है। विद्यालय परिवार ने दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है तथा इसे क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया है।

## डॉ. सियाराम साहू की अध्यक्षता में रेडक्रॉस प्रबंध समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

महामहिम राज्यपाल रमेन डेका एवं तोमन साहू चेयरमेन रेडक्रॉस राज्य शाखा रायपुर के मार्गदर्शन में जिले में रेडक्रॉस सोसायटी को सक्रीय कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिला रेडक्रॉस सोसायटी कबीरधाम की प्रबंध समिति की बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता चेयरमेन रेडक्रॉस डॉ.सियाराम साहू ने की। कलेक्टर एवं अध्यक्ष गोपाल वर्मा एवं वाइस चेयरमेन जीवन कौशिक, कोषाध्यक्ष अनिल दानी एवं समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे। बैठक में एजेण्डावार चर्चा कर कई महत्वपूर्ण एवं सार्थक निर्णय लिये गए। बैठक में जिला रेडक्रॉस सोसायटी के संगठनात्मक सुदृढीकरण एवं सदस्यता विस्तार तथा सेवा गतिविधियों तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जिले में रेडक्रॉस कार्यालय भवन, आपदा प्रबंधन हेतु प्रशिक्षण तथा प्राथमिक सहायता की प्रशिक्षण, माह में दो बार रक्तदान शिविर का आयोजन, सामाजिक जागरूकता अभियान को गति प्रदान की जायेगी। जिले में समस्त निजी एवं शासकीय हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में तथा सभी शासकीय व निजी महाविद्यालयों में रेडक्रास सोसायटी गठन के निर्देश दिए गए है। आदिवासी एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य परीक्षण, एवं विशेष दिवसों में कार्यक्रम का आयोजन कर जन जागरूकता किया जायेगा। सिकलसेल के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर जांच एवं परामर्श पर जोर दिया जायेगा। प्रत्येक तीन माह में प्रबंध समिति की बैठक का आयोजन की जायेगी। बैठक मे प्रमुख रूप से डॉ. डीके तुर्रे सीएमएचओ सचिव रेडक्रॉस, श्रीमती अभिलाषा पांडा उप संचालक, डॉ. केशव ध्रुव सिविल सर्जन, रेडक्रॉस राज्य प्रबंध समिति प्रतिनिधी बालाराम साहू, दौलतराम कश्यप, सुदर्शन कुर्रे, शीतल साहू, डीएस राजपुत, हरिश साहू उपस्थित रहे।



## परमेश्वरी महोत्सव व परमेश्वरी देवी पुराण का भव्य आयोजन

**कवर्धा।** देवांगन समाज कवर्धा के द्वारा 32वां वर्ष परमेश्वरी महोत्सव व परमेश्वरी देवी पुराण का आयोजन गत दिनो किया गया। जिसमें बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम, मेधावी बच्चों का सम्मान व जगराते का कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम महिला देवांगन समाज कवर्धा के अथक प्रयासों से संभव हो पाया। जिसमें युवा देवांगन समाज व नवयुवक देवांगन समाज कवर्धा का सराहनीय योगदान रहा। परमेश्वरी देवी पुराण में माता परमेश्वरी की महिमा का वर्णन एवं माता परमेश्वरी के अंग मैल से दीपचंद देवांगन का प्रगट होने का बखान बताया गया है । साथ ही दीपचंद के द्वारा सृष्टि के मर्यादा को ढकने के लिए वस्त्र का निर्माण करने के लिए दीपचंद देवांगन को क्षीरसागर से सात नाल का कमल पुष्प लाकर वस्त्र निर्माण करने का आदेश माता परमेश्वरी के द्वारा दिया गया। जिसके लिए दीपचंद देवांगन जब क्षीरसागर में सात नाल कमल पुष्प लेने पहुंचा, तो वहां पर पहले से दानव विराजमान थे। जिससे दीपचंद देवांगन भयभीत होकर माता परमेश्वरी के के शरण में आया और सारी वृत्तांत बताया, तो माता परमेश्वरी दीपचंद देवांगन के साथ में क्षीरसागर गई और दीपचंद देवांगन को आदेश दी, युद्ध करने के लिए जिससे दीपचंद देवांगन उन राक्षसों के साथ युद्ध किया और राक्षसों का वध किया। राक्षसों के मृत शरीर के अंगों से वस्त्र निर्माण हेतु आवश्यक उपकरण तैयार करवा कर वस्त्र निर्माण कर दीपचंद देवांगन ने एक सुंदर सा नीला रंग का वस्त्र निर्माण कर माता परमेश्वरी को अर्पित किया। जो नीला वस्त्र अनंत है,यह एक प्रतीक है । इसका प्रमाण उदाहरण सहित पंडित संतोष राव के द्वारा बताया गया।



**रबी फसलों, वनोपज और खुले में रखे समर्थन मूल्य के धान पर मंडराया खतरा**

# बदले मौसम और बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अंचल के मौसम के मिजाज को भांपते हुए जिस आशंका की चर्चा पिछले कुछ दिनों से की जा रही थी, उसकी झलक मंगलवार को देखने को मिली। बीते तीन-चार दिनों से बादलों और भगवान भास्कर के बीच लुका-छिपी का खेल चल रहा था, लेकिन मंगलवार की सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे और भगवान भास्कर दिनभर बादलों की ओट में नजर आए। इस दौरान जिला मुख्यालय कवर्धा सहित आसपास के क्षेत्रों में कुछ देर के लिए ही सही पर गर्जना के साथ तेज बारिश भी देखने को मिली। मौसम के इस बदले तेवर ने जिले के किसानों की चिंता बढ़ा दी है। वर्तमान में खेतों में रबी सीजन की प्रमुख फसलें गेहूं, चना, मसूर, मटर और तिवरा अच्छी स्थिति में खड़ी हैं। किसान बेहतर उत्पादन की उम्मीद लगाए बैठे हैं, लेकिन यदि इसी दौरान बेमौसम बारिश या ओलावृष्टि हो जाती है तो तैयार फसलों को भारी नुकसान हो सकता है। किसानों का कहना है कि इस समय फसलें दाना भराव और पकने की अवस्था में हैं। ऐसे में तेज बारिश या ओले गिरने से फसल गिर सकती है, दाने काले पड़ सकते हैं और गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है, जिससे उपज और बाजार मूल्य दोनों पर असर पड़ेगा। कवर्धा जिले की तासीर को देखते हुए अचानक ओलावृष्टि की आशंका भी बनी रहती है, जो किसानों के लिए बड़ी चिंता का विषय है।

### वनोपज संग्रहणकर्ताओं की बढ़ी बेचैनी

मौसम की अनिश्चितता से वनोपज संग्रहणकर्ता भी चिंतित हैं। वर्तमान समय में ग्रीष्मकालीन वनोपज जैसे तेंदूपत्ता, महुआ, हर्रा, बहेड़ा, चार, आम और इमली की तैयारी का दौर शुरू हो चुका है। ग्रामीण और वन आश्रित परिवार इन वनोपजों से होने वाली आय पर निर्भर रहते हैं। यदि इस दौरान लगातार बारिश या ओलावृष्टि होती है तो महुआ के फूल झड़ सकते हैं, तेंदूपत्ता की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है और अन्य वनोपज भी खराब हो सकती है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर सीधा असर पड़ेगा।

### खुले में रखे धान की सुरक्षा बनी चुनौती

बेमौसम बारिश की आशंका ने जिले की सेवा सहकारी समितियों की भी चिंता बढ़ा दी है। अभी भी कई समितियों में किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदा गया धान खुले आसमान के नीचे असुरक्षित ढंग से रखा हुआ है। यदि बारिश तेज हो जाती है तो धान भीगने और खराब होने का खतरा बढ़ जाएगा। समिति प्रबंधकों के सामने धान की सुरक्षा बड़ी चुनौती बन गई है। पर्याप्त भंडारण व्यवस्था और तिरपाल की कमी के कारण धान को सुरक्षित रखना मुश्किल हो रहा है। यदि बारिश होती है तो नुकसान की भरपाई करना कठिन होगा।

## पेज 7 के शेष

### बंधक बनाकर मारपीट के ...

सूर्यदेव धिवरे एवं टेकचंद टंडन के साथ जातिसूचक अश्लील गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।

### जमीन विवाद पर बड़े भाई ने ...

साहू (आईपीएस) के निर्देशन तथा पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज अभिषेक शांडिल्य (आईपीएस) की सतत मॉनिटरिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव के्शन और एसडीओपी बेरला विनय कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। थाना प्रभारी बेरला एवं पुलिस स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। डॉग स्क्वाड और फॉरेंसिक विशेषज्ञ टीम को भी बुलाया गया। वैज्ञानिक एवं पारंपरिक तरीकों से साक्ष्य जुटाए गए और परिजनों सहित आसपास के लोगों से लगातार पूछताछ की गई।

**टीम का सराहनीय योगदान:** पूरी कार्रवाई एसडीओपी बेरला विनय कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार साहू, प्रधान आरक्षक जगदीश कोशरिया, आरक्षक रामेश्वर पटेल, भावेश पुरी गोस्वामी, महिला आरक्षक मालती साहू सहित अन्य स्टाफ के सहयोग से संपन्न हुई। इस सनसनीखेज खुलासे से क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। जमीन के लालच में बड़े भाई द्वारा छोटे भाई की हत्या की घटना ने रिश्तों को शर्मसार कर दिया है।

### जांच में सामने ...

की पुष्टि होने पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की, जहां उसने जुर्म स्वीकार कर लिया। पुख्ता साक्ष्य मिलने के बाद आरोपी डामर सिंह साहू उर्फ डोमार साहू, पिता रामा साहू, निवासी लावातरा, थाना बेरला, जिला बेमेतरा को 23 फरवरी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

### विभागीय योजनाओं के ...

ऑफिस तक सीमित ना रहें, फील्ड विजिट कर योजनाओं की मॉनिटरिंग भी करें। उन्हें सप्ताह में अनिवार्य रूप से फील्ड में जाकर कार्यों का भौतिक सत्यापन करना कहा।

**खबर संक्षेप**

## पर्यावरण संरक्षण गतिविधि ने सौंपा अनुरोध पत्र

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव की पर्यावरण संरक्षण गतिविधि राजनांदगांव के विभाग संयोजक मनोहर चंदेल एवं जिला संयोजक मयंक कृष्णा शर्मा के नेतृत्व व जिला एनजीओ प्रमुख सौरभ खंडेलवाल, नगर संयोजक निकुंज सिंघल, शहर नारी शक्ति प्रमुख मौसमी शर्मा, सह प्रमुख ममता शर्मा एवं नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के चेयरमैन शैंकी बग्गा द्वारा कलेक्टर जितेन्द्र यादव एवं जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह से सौजन्य मुलाकात कर एक अनुरोध पत्र ज्ञापन सौंपा है। उपरोक्त जानकारी पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के जिला एनजीओ प्रमुख सौरभ खंडेलवाल ने दी।

## प्रति नियुक्ति समाप्ति पर सम्मानित किए गए यूनुस

**राजनांदगांव।** संभागीय सेनानी एनीमा कुजूर ने जिला सेनानी कार्यालय में निरीक्षण की कार्रवाई पश्चात अग्निशमन विभाग में वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे बेंजामिन यूनुस की यहां से सेवा समाप्ति के लिए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। श्री यूनुस की 28 फरवरी को सेवा समाप्ति होगी। आज कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी द्वारा उन्हें शाल व श्रीफल भेंट कर अग्निशमन विभाग से प्रतिनियुक्ति समाप्त कर मूल विभाग नगर पालिक निगम में भेज कर विदाई दी गई एवं उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें संभागीय सेनानी द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया गया।

## आज श्रीश्याम प्रभु का अखंड पाठ

**राजनांदगांव।** श्री श्याम प्रभु के तीसरे दरबार छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में स्टेशनपारा स्थित श्री शक्तिधाम से निशान उठाकर रामाधीन मार्ग के श्री श्यामकुटी के श्रीदासी श्याम दरबार में निशान को अर्पण करने से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। श्रीदासी श्याम मंडल द्वारा फाल्गुन का रंगोत्सव के प्रथम दिवस पर कल 25 फरवरी को सुबह आरती, सत्संग, भजन के पश्चात दोपहर 3 बजे से श्रीश्याम प्रभु का अखंड पाठ किया जाएगा। श्री श्यामकुटी परिवार व श्रीदासी श्याम मंडल के शिष्यजन व भक्तजन श्रीदासी श्याम दरबार को अपनी गंगोत्री मानते हैं, जहां से गंगाजी जैसे श्रीदासी श्याम मंडल की कई शाखाएं देश में बनकर सेवा, गृहस्थ धर्म का पालन के साथ-साथ भक्ति और पूजा में लग गए हैं।

## कच्ची महुआ शराब और महुआ लाहन जब्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा ग्राम बरनालाकला नाला के किनारे अज्ञात 80 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 1000 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वृत्त डोंगरगढ़ अनिल कुमार सिंह, आबकारी आरक्षक भोजराज बंजारे, मोहनराव, अश्विनी शुक्ला, रोहित, लोकेश शामिल थे। जिले में अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम के लिए होटल, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। सभी वृत्त प्रभारियों को होटल, ढाबों की नियमित जांच करने एवं अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### संगठन की मजबूती और वैचारिक स्पष्टता पर जोर

# जिला कार्यालय में हुई कार्यशाला में तय हुई प्रशिक्षण महाअभियान 2026 की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी की जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला स्थानीय जिला कार्यालय में संपन्न हुई। कार्यशाला में संगठन की मजबूती, वैचारिक स्पष्टता और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तृत मंथन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजय साहू ने की। आयोजन की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई, जिसके बाद दीप प्रज्ज्वलन, वंदे मातरम् एवं राज्यगीत के सामूहिक गायन के साथ कार्यशाला का औपचारिक शुभारंभ हुआ।

■ नवाचार और पंच परिवर्तन पर गहन मंथन

अतिथियों का स्वागत शाल एवं स्वदेशी वस्तुओं से निर्मित स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अजय साहू ने कहा कि प्रशिक्षण किसी भी संगठन की आधारशिला है। उन्होंने मंडल अध्यक्षों को निर्देशित किया कि मंडल एवं बूथ स्तर पर भी इसी प्रकार प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन सुनिश्चित किया जाए, ताकि कार्यकर्ता वैचारिक रूप से सशक्त होने के साथ संगठनात्मक रूप से अधिक सक्रिय बन सकें। प्रथम सत्र में जिला प्रभारी प्रहलाद रजक ने पार्टी के इतिहास, विचारधारा एवं संगठनात्मक विकास की यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल मंत्र 'राष्ट्र प्रथम' है, जिसे प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने आचरण में उतारना चाहिए।




### व्यापक तैयारी और सक्रियता का दिया संदेश :

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राजेश ठाकुर एवं हर्षवर्धन तिवारी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष अंजय बघेल ने व्यक्त किया। कार्यशाला में जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारी, प्रशिक्षण टोली के सदस्य तथा पूरे आयोजन में संगठनात्मक ऊर्जा, वैचारिक स्पष्टता और आगामी महाअभियान को सफल बनाने का उत्साह स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। जिला भाजपा ने प्रशिक्षण महाअभियान 2026 को प्रभावी बनाने के लिए व्यापक तैयारी और सक्रियता का संदेश दिया ।

### नवाचार से लेकर पंच परिवर्तन तक गहन मंथन

द्वितीय सत्र में विधानसभा स्तरीय योजना बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं रणनीति पर चर्चा हुई। तृतीय सत्र में पीपीटी आधारित प्रशिक्षण 'नवाचार' विषय पर आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रमोद सिंह ने की। मुख्य वक्ता के रूप में भाटापारा के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ नेता शिव रतन शर्मा ने संगठनात्मक नवाचार और कार्यप्रणाली में आधुनिक तकनीकों के प्रभावी उपयोग पर मार्गदर्शन दिया। चतुर्थ सत्र 'पंच परिवर्तन' विषय पर केंद्रित रहा, जिसकी अध्यक्षता भी प्रमोद सिंह ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पंच परिवर्तन के माध्यम से भाजपा समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास और सुशासन का संदेश पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। पंचम एवं समापन सत्र की अध्यक्षता प्रदेश मंत्री संध्या परघनिया ने की। मुख्य वक्ता प्रमोद सिंह एवं शिव रतन शर्मा ने कार्यकर्ताओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए संगठनात्मक अनुशासन, समन्वय और सक्रिय जनसंपर्क पर विशेष जोर दिया।

## साजा के चार परीक्षा केंद्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण, व्यवस्थाएं दुरुस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के तहत सहायक संचालक शिक्षा विभाग एसपी कोशले ने सोमवार को साजा विकासखंड के चार परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

■ 10 वीं बोर्ड परीक्षा का अंग्रेजी विषय का हुआ पेपर

कक्षा 10वीं अंग्रेजी विषय की परीक्षा के दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कारेसरा में 144 में से 143, खाती में 104 में से 101, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में 170 में से 168 तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनरांका में 161 में से 158 परीक्षार्थी उपस्थित पाए गए।

सभी केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित होती मिली तथा नकल का कोई प्रकरण नहीं पाया गया। सहायक संचालक कोशले ने केंद्राध्यक्षों को अनुपस्थित विद्यार्थियों के पालकों से संपर्क कर शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारी व शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

## मिंटू बिसेन ने एसपी रामकृष्ण को डीआईजी बनने पर दी बधाई

**नवागढ़।** भारतीय जनता पार्टी के नेता मिंटू बिसेन ने बेमेतरा पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू को उप महानिरीक्षक (डीआईजी) पद पर पदोन्नति मिलने पर भेंट कर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।



## क्षेत्र के आठ युवा ने लिया आपदा मित्र का प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

आपदा से निपटने कि तैयारी के लिए भारत सरकार द्वारा आपदा प्रबंधन योजना का संचालन किया जा रहा है, जिसके तहत प्रत्येक राज्य में युवा आपदा मित्र तैयार किए जा रहे है। इसी के तत्वावधान में राज्य में कुल 5000 और रायपुर संभाग से 1250 आपदा मित्र तैयार किए जा रहा है। यह प्रशिक्षण, केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान नगर सेना माना कैंप रायपुर में 16 फरवरी से 22 फ़रवरी तक आयोजित किया गया। शिविर में कुल 101 युवाओं ने युवा आपदा मित्र बनने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त किया और इन्हें प्रमाण पत्र वितरित किया गया। जिसमे बेमेतरा से 8 युवा लक्ष्मीन वर्मा, अंजू सिन्हा, कुसुम वर्मा, मनीष साहू, महेश चंद्राकर, शिवम रात्रे, राहुल जायसवाल, किशन वर्मा शामिल हुए। आपदा मित्र का प्रशिक्षण द्वारिका टंडन, छम्मन साहू, चंद्रहास साहू, कालेश्वर साहू द्वारा दिया गया।

इन्होंने बाढ़, भूकम्प, चक्रवात, सर्प दंश, आग लगना, सीपीआर कैसे दें आदि विषयों को बहुत ही सहज एवं सरल तरीके से युवाओं को सिखाया। भविष्य में इन युवाओं पीपीई किट प्रदान किया जाएगा। आवश्यकता पढ़ने पर देश की सेवा के लिए आमंत्रित किया जायेगा।

## पं. रामनाथ व दिनेश की स्मृति में सुरों में सजी श्रद्धांजलि सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

शहर में एक भावुक और अविस्मरणीय संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पं. रामनाथ सिंह (फ़र्रुखाबाद घराना) एवं सुगम संगीत गायक दिनेश कसार को सुरों के माध्यम से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। "सांगीतिक परिवार बेमेतरा (छत्तीसगढ़)" द्वारा स्वाद रेस्टोरेंट, बेमेतरा में आयोजित इस कार्यक्रम में संगीत, श्रद्धा और स्मृतियों का अनूठा संगम देखने को मिला।

■ संगीतमय संध्या में भावुक हुआ शहर

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं दिवंगत कलाकारों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। प्रारंभ से ही वातावरण श्रद्धा और आत्मीयता से परिपूर्ण रहा। उपस्थित संगीत प्रेमियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को नमन किया। श्रद्धांजलि संध्या में भजन, ग़ज़ल, शास्त्रीय राग एवं पुराने यादगार गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं। कलाकारों की सधी हुई आवाज़, गूंजती लय और मधुर संगत ने पूरे सभागार को भावविभोर कर दिया। कई क्षण ऐसे आए जब श्रोता भावनाओं से द्रवित हो उठे और तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। तबला वादन में मुंबई से आए पं. नितिन डेगवेकर तथा रायपुर के डॉ. विद्यानाय सिंह ने अपनी लयकारी और तालबद्ध प्रस्तुति से कार्यक्रम को ऊँचाई प्रदान की। उनकी जुगलबंदी ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति देते हुए आकाशवाणी वी. हाई ग्रेड कलाकार किशन कुमार देवांगन ने रागों के माध्यम से श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वहीं ग़ज़ल गायक एवं संवादिनी वादक राजेश केसरी ने अपनी भावपूर्ण ग़ज़लों से श्रोताओं के मन को छू लिया। तबले पर विनय ताम्रकार तथा हारमोनियम पर के. नूतन प्रभात ने सधी हुई संगत देकर प्रस्तुतियों को और प्रभावशाली बना दिया। रायपुर के हारमोनियम संगतकार रविकुमार की मधुर संगत ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।




### आदर्शों को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा रहे। अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अजय साहू ने की। इस अवसर पर पार्षद विकास तंबोली, डीआईजी राम कृष्ण साहू, पं. वी.पी. मिश्रा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जिले एवं आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों श्रोताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। विशेष रूप से महेंद्र सिंह वर्मा, रमेश सैनिक, दिनेश गौतम, घनाराम साहू, राजू मिश्रा एवं विनय ताम्रकार सहित अनेक संगीत प्रेमियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का सफल संचालन के. नूतन प्रभात ने किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा, सम्मान और आत्मीयता का वातावरण बना रहा। यह आयोजन केवल एक सांगीतिक प्रस्तुति नहीं, बल्कि दिवंगत कलाकारों के जीवन और योगदान को नमन करने की एक भावनात्मक संध्या बन गयी । अंत में सभी उपस्थितजनों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## पोस्ट आफिस के दो ब्रांच को दूसरे जिले स्थानांतरित करने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शहर में संचालित पोस्ट ऑफिस की दो शाखाओं को बंद करके कवर्धा जिले में भेजे जाने की तैयारी के बीच कांग्रेस ने इस मामले में विरोध प्रदर्शन करने आज पोस्ट ऑफिस का घेराव करते ज्ञापन सौंपा।

डाक विभाग द्वारा शहर के रामाधीन मार्ग और गंज मंडी में संचालित अपनी दोनों शाखाओं को यहां से बंद कर दूसरे जिले में भेजा जा रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते फ्लाई ओवर के नीचे एकत्रित हुए और यहां से पोस्ट ऑफिस का घेराव करने पहुंचे। कांग्रेस ने इस मामले में विरोध प्रदर्शन करते पोस्ट ऑफिस के ब्रांच को बंद किए जाने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



### बैरिकेड लांघकर पहुंचे कांग्रेसी

इधर कांग्रेसियों द्वारा प्रदर्शन किए जाने को लेकर पुलिस ने पोस्ट ऑफिस के दोनों द्वार पर स्टॉपर लगाकर बैरिकेडिंग कर दिया था। इसके बावजूद कांग्रेसी कार्यकर्ता बैरिकेड लांघकर पोस्ट ऑफिस के मुख्य द्वार तक पहुंचने में सफल रहे । इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश राठौर, शारदा तिवारी, इकरामुद्दीन सोलंकी, मामराज अग्रवाल, रूपेश दुबे, अशोक पंजवानी, प्रेम रूचंदानी, युवराज डिहरे, चंपू गुप्ता, सूर्यकांत जैन, अमित खंडेलवाल, प्रज्ञा गुप्ता, मेहुल मारू, गुरभेज माखीजा, गणेश पवार, सुरेंद्र देवांगन, शैलेश ठावरे, हरिनारायण धकेता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

## भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का ब्लॉक कार्यालय उद्घाटित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

नगर क्षेत्र में सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन जिला अध्यक्ष आशीष छाबड़ा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही और संगठन को मजबूती देने का संकल्प लिया गया।

■ कार्यकर्ताओं को जनता के बीच सक्रिय रहने का आह्वान

उद्घाटन अवसर पर बेमेतरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष मिथलेश वर्मा एवं शहर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रश्मि मिश्रा ने अपना पदभार ग्रहण किया। इस दौरान नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों के सम्मान में सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। जिला अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने सभी मंडल अध्यक्षों का अभिनंदन किया तथा ब्लॉक एवं शहर अध्यक्ष को उनके पद की शपथ दिलाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस का सच्चा सिपाही ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आम जनता से सीधे जुड़कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने विशेष रूप से किसानों और गरीब वर्ग की समस्याओं को गंभीरता से लेने पर जोर देते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में लोगों की उम्मीदें कांग्रेस से जुड़ी हुई हैं। ऐसे में प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरे और संगठन की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाए। कार्यक्रम के अंत में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा आगामी गतिविधियों को लेकर रणनीति पर भी चर्चा की गई।



### बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में सुरेंद्र तिवारी, टी.आर. जनार्दन, प्राणीश चौबे, ललित विश्वकर्मा, दिनेश पटेल, प्रांजल तिवारी, हरीश साहू, शशि प्रभा गायकवाड, बाल कुमारी ध्रुव, रीता पांडे, राजू साहू, सुमित विवेक राजपूत, शकुंतला साहू, राजेंद्र वर्मा, योगेश जांगड़े, हरि साहू, जनता साहू, टोकेश्वर साहू, नवीन ताम्रकार, मनोज शर्मा, प्रकाश ठाकुर, योगिता साहू, रीना, रमा साहू, लुकेश वर्मा, सुमन गोस्वामी, अजय राज सेन, अमित वर्मा, शिव वर्मा, शुभम गंधर्व, मोहित वर्मा, सुनील नामदेव, जावेद खान, संजय वर्मा, कमल साहू, जय प्रकाश राज, निलेश वैष्णव, किशुन वर्मा, राजकुमार बंजारे, सुखराम वर्मा, चितरेन वर्मा, अनिल दुबे, निलेश ठाकुर, मनीष ठाकुर, राजू रजक, कमल पुरी गोस्वामी, मूरत राम मांडवी, अशोक जायसवाल, घनश्याम देवांगन, रोहित साहू, मनोज साहू, द्वारका वर्मा, युवराज योगी साहू, प्रमोद वर्मा, महेश वर्मा, टिकेंद्र बंजारे, युवराज सिंह, मनीष सिंह बंजारे, दिनेश यादव, अर्जुन साहू, टोमन पाटिल, देवचरण पांडे, चेतन पांडेय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दिल्ली में बढ़ाएंगे छत्तीसगढ़ का मान

## होमेश्वर का राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

होमेश्वर सिन्हा का चयन दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में कराते इंडिया ऑर्गेनाइजेशन द्वारा आयोजित होने वाले 5वीं राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता के लिए हुआ है। आगामी 26 फरवरी से शुरू होकर 1 मार्च तक चलने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 21 वर्षीय होमेश्वर -67 किलोग्राम वजन वर्ग में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। होमेश्वर के चयन से जिले के खेल प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों में हर्ष का माहौल है। जिला कराते संघ बेमेतरा के सचिव एवं मुख्य कोच सेंसाई अजय वर्मा, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक मृत्युंजय शर्मा और सीनियर खिलाड़ी एवं कोच दीपांकर मिर्झा ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। सेंसाई अजय वर्मा ने बताया कि होमेश्वर ने अपने कठोर प्रशिक्षण और अटूट समर्पण से जिला व राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसी मेहनत का परिणाम है कि आज उन्हें राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाने का अवसर मिला है। यह चैंपियनशिप केवल राष्ट्रीय खिताब जीतने का अवसर ही नहीं है, बल्कि यहाँ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए भविष्य में एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप जैसी अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं के लिए भारतीय दल में शामिल होने के द्वार भी खुलते हैं। इस अवसर पर जिला कराते संघ के सीनियर खिलाड़ी एवं सदस्य विकल्प शर्मा, अमित अग्लावे, आरती साहू आदि भी उपस्थित थे।



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### चलित थाना लगाकर जनता से संवाद

**खुज्जी।** लोगों में कानूनी जागरूकता लाने, साईबर अपराधों की रोकथाम के लिए गत दिनों डोंगरगांव पुलिस ने ग्राम आयबांधा एवं लालूटोला में चलित थाना संवाद का आयोजन किया। इस मौके पर लोगों को साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, नशा मुक्ति, यातायात नियमों के पालन एवं विभिन्न अपराधों से बचने जागरूक किया गया। इस मौके पर सहायक उप निरीक्षक देवकुमार रावते, कांस्टेबल ओमकार कुर्रे, दीपक भोई मौजूद थे।

### स्पर्धा में भजनों की प्रस्तुति

**डोंगरगढ़।** एकल अभियान संस्था के माध्यम से श्री हरि सत्संग मंडली ने भजन प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को किया। मंदिर प्रांगण में आयोजित प्रतियोगिता में अनेक मंडलियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत पूजा अर्चना के साथ की गई। मुख्य अतिथि शहर भाजपा अध्यक्ष जस्मित सिंग बन्नोआना थे। इस दौरान पालिकाध्यक्ष रमन डोंगरे, लक्ष्मीनारायाण अग्रवला, बम्लेष्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सुनील जैन, विश्वनाथ यादव, विनित यादव, हरिश मोटघरे, विनय बंसल, विवेक गुप्ता, अमन नामदेव ने उपस्थिति दर्ज कराई। स्पर्धा में संचकुपदुर प्रथम, साल्हेवारा द्वितीय, पैलीमेटा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अन्य मंडलियों को सात्वना पुरूस्कार दिया गया। कार्यक्रम में बिरेन्द्र अग्रवाल, मनोज गुप्ता, उमेश हत्थेल, अचलासिंग, वैशाली देशकर, अनिता मंडावी, अमृत टांक, गेश्वर निषाद, जगतराम यादव, देवेन्द्र कचलामे, मेशाराम साहू, गिरधारी साहू, प्रेमा ठाकुर, हनि गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

### जन्मदिन पर न्योता भोज का आयोजन

**छुईखदान।** संकुल केंद्र भदेरा अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला भदेरा के शिक्षक लोचनराम जंघेल ने अपने जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया। उन्होंने बच्चों, शिक्षक आदि के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया। स अवसर पर शिक्षिका संतोषी वर्मा ने पदोन्नत होकर प्रधानपाठक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। तत्पश्चात बच्चों को चांवल, दाल, सब्ज़ी, सलाद, पापड़, खीर, पुड़ी, पेड़ा, केला, मिठाई आदि खिलाया गया। इस दौरान राजूदास मानिकपुरी, पन्नालाल जंघेल, चेतराम वर्मा, संजीवकुमार ध्रुव, चिंताराम धुर्वे, रामकेश्वर शांडिल्य और दीपक राठौर आदि शिक्षक उपस्थित थे।

### लखोली वार्ड से निकाली शोभायात्रा

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा एवं शहर उत्तर ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सोनी लखोली वार्ड से आयोजित आदेश जयश्री महाकाल युवा समिति द्वारा आयोजित भगवान भोलेनाथ की भव्य शोभायात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। यह शोभायात्रा लखोली वार्ड से श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई।

## बजट पर प्रतिक्रिया : सरकार ने बताया विकास का रोडमैप, कांग्रेस बोली - जमीन से कटा दस्तावेज

# 1.72 लाख करोड़ के बजट पर सत्ता पक्ष व विपक्ष आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1.72 लाख करोड़ का बजट पेश होने के साथ ही प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। विष्णु देव साय सरकार का यह तीसरा बजट है, जिसे सत्ता पक्ष ने गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के सशक्तिकरण का संतुलित एवं दूरदर्शी दस्तावेज बताया है। कांग्रेस ने इसे निराशाजनक, आंकड़ों का खेल और जमीनी हकीकत से दूर करार देते हुए कई सवाल खड़े किए हैं। सत्ता पक्ष का दावा है कि यह बजट विकास और सामाजिक न्याय के बीच संतुलन स्थापित करता है, जबकि विपक्ष का आरोप है कि इसमें महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की वास्तविक समस्याओं के समाधान का स्पष्ट खाका नहीं है। अब निगाहें इस बात पर हैं कि घोषणाओं का लाभ आम जनता तक कितनी तेजी से पहुंचता है।

### हर वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट : प्रहलाद रजक



रजककार बोर्ड के अध्यक्ष (मंत्री दर्जा) प्रहलाद रजक ने कहा कि बजट समावेशी सोच का परिचायक है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, श्रमिक और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिससे सामाजिक संतुलन और विकास की रफ्तार दोनों साथ-साथ आगे बढ़ेंगे।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गतिः अजय साहू, जिलाध्यक्ष, भाजपा



भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू ने कहा कि धान खरीदी, सिंचाई विस्तार और कृषि आधुनिकीकरण के लिए किए गए प्रावधान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा देंगे। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए तकनीकी संसाधन और आधारभूत सुविधाएं बढ़ने से उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी तथा लाखों किसान परिवारों की आय में सीधा सुधार होगा।

### महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता : प्रज्ञा निर्वाणी



भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए बजट में ठोस कदम उठाए गए हैं। 'दुर्गावती योजना', 'महतारी वंदन योजना' के लिए 8,200 करोड़ तथा 250 महतारी सदनों के निर्माण का प्रावधान महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि यह बजट महिला शक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य करेगा।

## छत्तीसगढ़ बजट 2026-27 पर सियासत तेज

### बजट संकल्प' थीम पर आधारित : दीपेश साहू, विधायक



दीपेश साहू ने कहा यह बजट संकल्प' थीम पर आधारित दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत किया गया है, जो सरकार की दूरदर्शिता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि बजट में किसानों के लिए ब्याज मुक्त ऋण, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए भी पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं, जिससे आम जनता को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध होंगी। विधायक साहू ने आगे कहा कि विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, सड़क निर्माण एवं सुरक्षा ढांचे के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे बुनियादी ढांचा मजबूत होगा और औद्योगिक व आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

### विकास और विश्वास का बजट : दयाल दास बघेल



मंत्री दयाल दास बघेल ने बजट को राज्य के सर्वांगीण विकास का मजबूत रोडमैप बताते हुए कहा कि सरकार ने वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने, युवाओं के लिए रोजगार सृजन, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और गरीब वर्ग को सामाजिक सुरक्षा देने के लिए योजनाओं में संतुलित प्रावधान किए गए हैं। उनके अनुसार 1.72 लाख करोड़ का बजट आकार ही यह दर्शाता है कि राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत दिशा में आगे बढ़ रही है और सरकार अपने वादों के प्रति प्रतिबद्ध है।

### युवाओं के भविष्य की सुरक्षा : राहुल टिकरहिया



भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य राहुल टिकरहिया ने बजट को रोजगारोन्मुखी बताते हुए कहा कि कौशल विकास, स्वरोजगार योजनाएं और विभिन्न विभागों में प्रस्तावित भर्तियां युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनाना चाहती है। सड़क, पुल और अन्य अधोसंरचनात्मक परियोजनाओं के लिए पर्याप्त राशि को औद्योगिक विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया। उनके अनुसार बेहतर कनेक्टिविटी से निवेश आकर्षित होगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

## आर्थिक सर्वेक्षण कपोल-कल्पित, सरकार जमीनी हकीकत से दूर : आशीष छाबड़ा



बजट सत्र में राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सरकार का आर्थिक सर्वेक्षण केवल कपोल-कल्पित संभावनाओं पर आधारित दस्तावेज है, जिसका आम जनता की वास्तविक स्थिति से कोई सरोकार नहीं है। छाबड़ा ने कहा कि सर्वेक्षण में जिस प्रकार प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी दर्शाई गई है, वह जमीनी हकीकत से कोसों दूर है। आज आम नागरिक अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए संघर्ष कर रहा है। महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक दबाव के बीच परिवारों को खर्च चलाने के लिए कई बार सोचने पर मजबूर होना पड़ रहा है। ऐसे समय में सरकार का विकास और समृद्धि के दावे करना जनता के साथ मजाक जैसा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार केवल आंकड़ों की बाजीगरी कर अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने का प्रयास कर रही है।

### विकसित छत्तीसगढ़" की दिशा में मजबूत आधार : हर्ष तिवारी



भाजपा नेता हर्ष तिवारी ने कहा कि यह बजट प्रदेश को विकसित राज्य बनाने की दिशा में ठोस आधार तैयार करेगा। उन्होंने दावा किया कि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की स्पष्ट मंशा इस बजट में दिखाई देती है।

### 'सबका विश्वास' की भावना साकार : विजय सिन्हा

नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने बजट को "सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास" की भावना को साकार करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि नगरीय विकास और बुनियादी सेवाओं में सुधार के लिए सकारात्मक पहल की गई है।

### शहरी समस्याओं पर स्पष्ट रोडमैप नहीं : राजू साहू

नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष राजू साहू ने कहा कि नगरीय निकायों की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ करने के लिए पर्याप्त प्रावधान नहीं दिखते। उनके अनुसार पेयजल, स्वच्छता और यातायात जैसी मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कार्ययोजना का अभाव है।

### आंकड़ों की बाजीगरी : टी.आर. जनार्दन

वरिष्ठ कांग्रेस नेता टी.आर. जनार्दन ने बजट को "आंकड़ों की बाजीगरी" बताते हुए कहा कि महंगाई नियंत्रण और आम जनता की क्रय शक्ति बढ़ाने के लिए कोई प्रभावी कदम नजर नहीं आता।

### घोषणाएं कागजी न रह जाएं : मिथलेश वर्मा

कांग्रेस नेता मिथलेश वर्मा ने कहा कि सरकार ने कई बड़ी घोषणाएं की हैं, लेकिन पिछली योजनाओं की समीक्षा और उनके परिणामों का उल्लेख नहीं किया गया। उन्होंने स्थानीय आशंका जताई कि प्रभावी क्रियान्वयन के बिना ये घोषणाएं कागजों तक सीमित रह सकती हैं।

### युवाओं के लिए ठोस नीति का अभाव : प्रांजल तिवारी



युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रांजल तिवारी ने कहा कि बजट में युवाओं के लिए स्पष्ट और समयबद्ध रोजगार नीति का अभाव है। उन्होंने आरोप लगाया कि बेरोजगारी दर कम करने के ठोस उपायों का उल्लेख नहीं है और बड़े आंकड़ों के माध्यम से वास्तविक स्थिति छिपाने की कोशिश की गई है।

### किसानों को ठोस राहत नहीं : हरीश साहू



जिला पंचायत सदस्य एवं कांग्रेस नेता हरीश साहू ने कहा कि कर्जमाफी, समर्थन मूल्य और कृषि लागत कम करने जैसे मुद्दों पर कोई स्पष्ट राहत नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि किसान आज भी बढ़ती लागत और घटते मुनाफे से जूझ रहे हैं।

### सामाजिक न्याय की दिशा में कदम : होरीलाल सिन्हा



भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री होरीलाल सिन्हा ने रायपुर में ओबीसी छात्राओं के लिए 200 सीटों के छात्रावास और अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के लिए 80 करोड़ के प्रावधान को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि इससे सामाजिक न्याय को मजबूती मिलेगी।

### गांवों की संरचना होगी मजबूत : प्रवीण नीलू राजपूत



भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रवीण नीलू राजपूत ने कृषि पंपों के लिए 5,500 करोड़, ग्रामीण सड़कों के लिए 1,700 करोड़ और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए 4,000 करोड़ के प्रावधान को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि इससे गांवों की बुनियादी संरचना मजबूत होगी और कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी।

## कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना की घोषणा

**बेमेतरा।** राज्य सरकार द्वारा बजट में कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना लागू करने की घोषणा का राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ ने स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक एवं बहुप्रतीक्षित निर्णय बताया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष ए.के. चेलक और प्रदेश महामंत्री बोधी राम निषाद ने संयुक्त बयान जारी कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है।



संघ पदाधिकारियों ने बताया कि 11 जनवरी 2को रायपुर में आयोजित प्रांतीय अधिवेशन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कर्मचारियों को जुलाई 2025 से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की घोषणा मंच से की थी। उसी अवसर पर संघ द्वारा कैशलेस चिकित्सा सुविधा की लंबित मांग प्रमुखता से रखी गई थी, जिस पर मुख्यमंत्री ने शीघ्र निर्णय लेने का आश्वासन दिया था। अब वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी द्वारा बजट भाषण में इस योजना की औपचारिक घोषणा कर उस वादे को पूरा किया गया है। संघ ने अपने वक्तव्य में कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते चिकित्सा खर्च और गंभीर बीमारियों के इलाज की ऊंची लागत कर्मचारियों के लिए बड़ी चुनौती बन चुकी है। कैशलेस चिकित्सा योजना लागू होने से कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को आपातकालीन और गंभीर चिकित्सा परिस्थितियों में बिना तत्काल भुगतान के उपचार की सुविधा मिल सकेगी, जिससे आर्थिक बोझ में उल्लेखनीय राहत मिलेगी। इसे कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया है। संघ पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों के हितों को प्राथमिकता देना सकारात्मक संकेत है। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी सरकार महंगाई भत्ता, पदोन्नति, सेवा शर्तों के सरलीकरण तथा अन्य लंबित मांगों पर संवेदनशीलता के साथ विचार करेगी।

## बजट में बेमेतरा विस को सिंचाई, शिक्षा और सुरक्षा में मिली बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 का 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपये का बजट वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत किए जाने के साथ ही बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास की नई इबारत लिखी गई है। 'संकल्प' थीम पर आधारित इस बजट में बेमेतरा को सिंचाई, पेयजल, विद्युत, शिक्षा, सड़क और सुरक्षा जैसे आधारभूत क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण सौगातें मिली हैं, जिससे किसानों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। शिवनाथ नदी के अमोरा घाट पर लगभग 300 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से अमोरा बैराज निर्माण को स्वीकृति दी गई है। इसे क्षेत्र के लिए गेमचेंजर परियोजना माना जा रहा है।

विधायक दीपेश साहू ने कहा कि अमोरा बैराज की स्वीकृति बेमेतरा के किसानों के वर्षों पुराने सपनों को साकार करने की दिशा में निर्णायक कदम है। उन्होंने बताया कि बैराज बनने से सिंचाई की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित होगी, जिससे फसल उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। किसानों को वर्षभर पानी उपलब्ध होने से बहुफसली खेती को बढ़ावा मिलेगा और उनकी आय में इजाफा होगा। साथ ही क्षेत्रवासियों को शुद्ध एवं मीठा पेयजल भी उपलब्ध होगा। यह परियोजना न केवल कृषि क्षेत्र बल्कि संपूर्ण ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी।

- अमोरा बैराज और 6 नए विद्युत सब-स्टेशन से किसानों और ग्रामीणों को मिलेगा लाभ



### 6 नए विद्युत सब-स्टेशन से बिजली समस्या का समाधान

विधायक दीपेश साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा बेमेतरा प्रवास के दौरान घोषित 6 नवीन विद्युत सब-स्टेशनों को भी प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। इन सब-स्टेशनों के निर्माण से किसानों को कृषि पंपों के लिए नियमित और पर्याप्त बिजली आपूर्ति मिलेगी। लो-वोल्टेज और बार-बार होने वाली बिजली कटौती की समस्या से राहत मिलेगी। ग्रामीण और शहरी उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा, वहीं औद्योगिक एवं व्यावसायिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

### देवरबीजा कॉलेज भवन से छात्रों को मिलेगा आधुनिक शिक्षण वातावरण

बजट में देवरबीजा कॉलेज के लिए नए भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई है। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि यह केवल भवन निर्माण नहीं, बल्कि क्षेत्र के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। नए भवन में आधुनिक कक्षाएं, सुसज्जित पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे छात्र-छात्राओं को अपने ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। दूर शहरों में जाने की आवश्यकता कम होगी, जिससे समय और आर्थिक संसाधनों की बचत होगी तथा अभिभावकों में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ होगी।

### बेमेतरा में साइबर थाना की स्थापना

डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए बेमेतरा में साइबर थाना की स्थापना को भी स्वीकृति दी गई है। विधायक साहू ने कहा कि ऑनलाइन ठगी, हैकिंग और अन्य साइबर अपराधों की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में स्थानीय स्तर पर साइबर थाना खुलने से त्वरित कार्रवाई संभव होगी। अब पीड़ितों को शिकायत दर्ज कराने के लिए अन्य जिलों का रुख नहीं करना पड़ेगा। यह कदम आम नागरिकों में डिजिटल सुरक्षा और विश्वास को मजबूत करेगा। ग्रामीण अंचलों में नए स्कूल भवनों की सौगात बेमेतरा एवं बेरला क्षेत्र के विभिन्न गांवों में नए स्कूल भवन निर्माण को भी बजट में मंजूरी मिली है। विधायक दीपेश साहू ने इसे शिक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए कहा कि ग्रामीण बच्चों को अब पढ़ाई के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। गांवों में ही बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध होने से शिक्षा का स्तर ऊंचा होगा और आने वाली पीढ़ी सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनेगी।

### मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री के प्रति जताया आभार

विधायक दीपेश साहू ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट किसान, युवा, छात्र और आम नागरिकों के हितों को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह बजट बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

### सड़क और पुल-पुलिया निर्माण से सुदृढ़ होगा संपर्क तंत्र

विधायक ने जानकारी देते हुए बताया कि बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सड़कों एवं पुल-पुलिया निर्माण को भी बजट में स्वीकृति मिली है। विधायक ने इसे बहुप्रतीक्षित सौगात बताते हुए कहा कि बरसात के दिनों में जिन मार्गों पर आवागमन बाधित हो जाता था, वहां अब सुगम और सुरक्षित यातायात संभव होगा। इससे किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सहूलियत मिलेगी, विद्यार्थियों को स्कूल-कॉलेज आने-जाने में सुविधा होगी तथा मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। गांव और शहर के बीच मजबूत संपर्क से व्यापार एवं समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी।

**गिरौदपुरी मेला में आयुष्मान सेवा संस्था की सराहनीय पहल**

## गिरौदपुरी मेला में आयुष्मान सेवा संस्था ने की श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क रसपान और फल सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




गिरौदपुरी में आयोजित विशाल तीन दिवसीय गिरौदपुरी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा के उद्देश्य से बेमेतरा के पुराना बस स्टैंड के पास आयुष्मान सेवा संस्था द्वारा निःशुल्क रसपान (शरबत) एवं फल सेवा का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी और लंबी यात्रा के बाद दर्शनार्थियों को शीतल पेय और फल उपलब्ध कराकर संस्था ने सेवा एवं समर्पण की प्रेरणादायी मिसाल प्रस्तुत की।

सतनाम धर्म के प्रवर्तक, प्रातः स्मरणीय परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की पावन कर्मभूमि, जन्मभूमि एवं तपोभूमि गिरौदपुरी में आयोजित इस मेले में देश-प्रदेश से हजारों श्रद्धालु दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंच रहे हैं। ऐसे में आयुष्मान सेवा संस्था द्वारा की जा रही सेवा श्रद्धालुओं के लिए विशेष राहत का कारण बनी हुई है। संस्था के कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ श्रद्धालुओं को शरबत एवं फल वितरित कर रहे हैं। सेवा स्थल पर स्वच्छता एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया है, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो और सभी को सहज रूप से सेवा का लाभ मिल सके।

**आगंतुकों ने की इस सेवाभाव की सराहनाः** मेले में उमड़ रही श्रद्धालुओं की आस्था के बीच आयुष्मान सेवा संस्था के इस सेवा कार्य की स्थानीय नागरिकों एवं आगंतुकों ने मुक्त कंठ से सराहना की। इस दौरान जशवंत चेलक, आशीष वर्मा, अजय कश्यप, हरपाल पटेल, राम पटेल, ओम पटेल, गोविंदा, मयंक रजक, फागू सिन्हा, सनत पटेल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### सेवा और सद्भाव की भावना को आगे बढ़ाना सबकी जिम्मेदारी : शर्मा

इस अवसर पर आयुष्मान सेवा संस्था के अध्यक्ष गिरीश (बिट्टू) शर्मा ने कहा कि गिरौदपुरी धाम हम सभी के लिए आस्था, विश्वास और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र है। पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी ने सत्य, अहिंसा और मानवता का जो संदेश दिया, उसे आत्मसात कर समाज में सेवा और सद्भाव की भावना को आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा की जा रही यह रसपान सेवा उसी संदेश को साकार करने का एक छोटा सा प्रयास है और भविष्य में भी संस्था जनसेवा के ऐसे कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाती रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सामर्थ्य अनुसार जनहित में योगदान देना चाहिए।




